हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026



04 किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे...



07 बोर्ड रिजल्ट: जिले के 16 होनहारों ने स्टेट लेवल...



## खबर संक्षेप

### बिजली पोल से 5.5 क्विंटल तार चोरी, तीन गिरफ्तार, उपजेल भेजा

**सीहोर।** बिजली पोलों से एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया। कुल जब्ती में करीब 5.5 क्विंटल एल्युमिनियम वायर शामिल है। इसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई। 14 अप्रैल को प्रशांत दरियानी ने थाना शाहगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह एमपीईबी का प्राइवेट ठेकेदार है। उसने बताया कि बकतरा से शाहगंज के बीच उसकी साइट पर पिछले 3-4 माह से विद्युत पोलों पर एल्युमिनियम वायर खींचने का काम चल रहा था। निरीक्षण में कई पोलों से वायर चोरी मिला। आसपास कटे हुए तार भी पड़े थे। गिरफ्तार आरोपियों में उमाशंकर निवासी डूंगरिया, अकरम निवासी बाड़ी, सौरभ चौहान निवासी नेमटोन शामिल हैं।

### रोजगार मेले में 184 युवाओं का प्रारंभ चयन किया



**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 242 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 184 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच से 2 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इनमें पशुपालन डेयरी विभाग द्वारा श्री अशोक उमराव सिंह एवं सुश्री मंजू वर्मा को 2 लाख 95 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य गब्बू परमार, संदीप उईके, विवेक यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ऑटो चालकों ने बजरंग दल-विहिप के नेतृत्व में मंडी थाने में ज्ञापन सौंपा

# सीहोर के ऑटो चालकों से भोपाल में पूछा जा रहा धर्म, फिर मारपीट और तोड़फोड़

### कुबेरेश्वर धाम की सवारी लाना हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राजधानी भोपाल की सडक़ों पर गुंडागर्दी का एक ऐसा चेहरा सामने आया है, जिसने भाईचारे और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुबेरेश्वर धाम से श्रद्धालुओं को छोडऩे भोपाल जा रहे सीहोर के ऑटो चालकों का आरोप है कि वहां न केवल उनसे अवैध वसूली की कोशिश की जा रही, बल्कि धर्म और जाति पूछकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट और गाडिय़ों में तोडफ़फोड़ की गई। बता दें घटना तीन दिन पुरानी है, जब कुछ ऑटो चालक कुबेरेश्वर धाम से सवारियां लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन और चिरायु अस्पताल के आसपास पहुंचे थे। पीड़ित चालक का आरोप है कि चिरायु अस्पताल के पास शोएब नाम के एक व्यक्ति और उसके गुर्गों ने सीहोर के ऑटो को जबरन रोका। पहले उनसे सवारियों पर कमीशन मांगा गया और जब चालकों ने विरोध किया तो हमलावरों ने कथित तौर पर उनकी धार्मिक पहचान और जाति पूछी। आरोप है कि शिनाख्त करने के बाद डंडे और पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे ऑटो के कांच फूट गए और चालक घायल हो गया।



#### बजरंग दल का आक्रोश

इस घटना की खबर जैसे ही सीहोर पहुंची हिंदूवादी संगठनों और ऑटो चालकों का गुस्सा फूट पड़ा। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में दर्जनों चालकों ने मंडी थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि भोपाल के गुंडों ने धर्म पूछकर निशाना बनाना बंद नहीं किया तो इसका परिणाम गंभीर होगा। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा अगर हमारे भाइयों के साथ भोपाल में बदसलूकी नहीं रुकी तो सीहोर की सीमा में भी ऑटो का प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा।



#### वसूली का 'भोपाल सिंडिकेट'

सीहोर के ऑटो चालकों का कहना है कि भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफफॉर्म 6 और बैरागढ़ क्षेत्र में यह ग्रुप सक्रिय है। यह बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करता है। चूंकि कुबेरेश्वर धाम के कारण सीहोर के ऑटो की आवाजाही बढ़ी है, इसलिए इनकी वसूली बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।



# 12वीं के टॉपर श्लोक प्रजापति के हाथों से भूमिपूजन करवाया गया

**सीहोर।** शहर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नागरिकों की सुविधा एवं क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए 13 लाख 50 हजार रुपये की लागत से एक सुसज्जित एवं आकर्षक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि यहां के नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित स्थान, बुजुर्गों के लिए बैठने एवं टहलने की समुचित व्यवस्था तथा युवाओं के लिए स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका का उद्देश्य है। निर्मित होने वाले इस पार्क में हरियाली विकसित की जाएगी, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था होगी, बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी तथा बच्चों के लिए खेल उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही पाथवे का निर्माण कर नागरिकों के लिए मॉर्निंग वॉक एवं व्यायाम हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाएगा। राठौर ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और गुणवत्ता के साथ सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।



कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा, राजेश माझी, दिनेश कुशवाहा, नरेंद्र राजपूत, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## सीहोर-भोपाल मार्ग पर दो वाहनों की टक्कर, ट्रैवलर और स्विफ्ट कार चालक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गुरुवार सुबह सीहोर-पचामा मार्ग पर एक सड़क हादसा हो गया। राजपूत ढाबे के पास एक ट्रैवलर गाड़ी और स्विफ्ट कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई। इस दुर्घटना में स्विफ्ट कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक को तुरंत मौके पर मौजूद लोगों ने बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही है। सड़क के एक हिस्से का निर्माण कार्य अधूरा है, जिसके कारण सड़क का एक साइड काफी नीचा है और वहां बड़ी मात्रा में गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। सड़क की एक तरफ नीची और खराब होने के कारण वाहन चालक वहां से गुजरने से बचते हैं। गिट्टियों और असमतल सड़क से बचने के लिए वाहन चालक अक्सर ऊंची और पक्की सड़क पर ही गाड़ी चलाना चाहते हैं।






जिलेभर में "पीले चावल आमंत्रण अभियान" चलाया जा रहा

# जिले से 5 हजार अध्यापकों की 18 को भोपाल के जंबूरी में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



अध्यापक संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर द्वारा शिक्षकों के हक और अधिकारों को लेकर आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंचता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में आगामी 18 अप्रैल 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिलेभर में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जिला संयुक्त मोर्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक सभा नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई का मजबूत मंच बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी विकासखंड—सीहोर, आष्टा, इछावर, भैरूंदा एवं बुधनी—में शिक्षक साथियों के बीच लगातार संपर्क कर उन्हें भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मोर्चा द्वारा जिलेभर में "पीले चावल आमंत्रण अभियान" चलाया जा रहा है, जो शिक्षकों के बीच एकजुटता और सम्मान का प्रतीक बन चुका है। इस अभियान के तहत शिक्षक एक-दूसरे को पीले चावल देकर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यह अभियान तेजी से फैल रहा है और इसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

मोर्चा पदाधिकारियों के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर बैठकें, संवाद कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आंदोलन की रणनीति और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जा रही है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिक्षकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमों के तहत नियुक्त हुए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में पात्रता परीक्षाओं के माध्यम से चयन किया गया। वहीं वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही टीईटी उत्तीर्ण कर चुके हैं। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में टीईटी 2026 लागू करने से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित होंगे, जिनमें कई शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। यह निर्णय उनके भविष्य और सेवा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

#### सरकार से पुनर्विचार की मांग

अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने राज्य सरकार से मांग की है कि टीईटी 2026 परीक्षा को तत्काल स्थगित किया जाए और इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। मोर्चा ने यह भी तर्क दिया कि अन्य राज्यों द्वारा इस विषय पर पुनर्विचार याचिका दायर कर परीक्षा को स्थगित किया गया है, इसलिए मध्यप्रदेश में भी शिक्षकों के हित में ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए।

#### 18 अप्रैल को भोपाल में दिखेगी शिक्षकों की ताकत

मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि 18 अप्रैल को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाला कार्यक्रम शिक्षकों की एकजुटता का बड़ा उदाहरण बनेगा। जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं संयुक्त मोर्चा ने शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और भोपाल पहुंचकर अपनी एकता एवं शक्ति का परिचय दें। मोर्चा ने विश्वास जताया है कि यह आंदोलन न केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के शिक्षकों के भविष्य को भी सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपीलकर्ता सतीश त्यागी,संजय सक्सेना , विश्वजीत त्यागी ,सवाई सिंह परिहार, शिव नारायण गौर,कमल बैरागी, राजेंद्र सिसोदिया, प्रदीप नागिया, बलराम पंवार,राजेंद्र परमार, यशवंत ठाकुर,जीवन सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर,जागेश्वर भगत, दिनेश मेवाड़ा, जय सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, गोपाल ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर,बद्री प्रसाद मालवीय,मदन परमार, महेश मालवीय,हेमंत मालवीय, रमन तिवारी, राजेश राठौर,मुबारिक खान, महेश राठौर,राजेश्वर तिवारी, अर्जुन सिंह,नरेश मेवाडा, सीता राठौर, नीलू गेहलोत, स्मिता मूंदड़ा, अर्चना शर्मा,अर्चना नामदेव, रेखा वर्मा, दीपाली सेन शशिकला पांडे, महेंद्र सोलंकी,वी पी वर्मा, नरेंद्र सोलंकी, चंदर वर्मा, महेंद्र बाथम,मुकेश मालवीय, रितु तिवारी, शैलेन्द्र चौहान, जितेंद्र कलमोदिया, सम्राट ढोके,आलोक श्रीवास्तव लक्ष्मण बैरागी, आशीष शर्मा, बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित है।

## खबर संक्षेप



### शिविर लगाकर किया 718 का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 15 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 515 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 203 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी, खरीदी व्यवस्था सुधारने पर जोर, किसानों के लिए विरोध प्रदर्शन जारी

# किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे से तुलाई कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





तहसील मुख्यालय भैरूंदा में गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। इसके बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गोपालपुर, लाड़कुई और भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। कांग्रेस नेता संजय पटेल हवेली ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भारी अव्यवस्था व्याप्त है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से प्लेट कांटे से ही तुलाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रति खरीदी केंद्र गेहूं खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रही। वर्तमान में 1000 क्विंटल प्रतिदिन की सीमा को बढ़ाकर 3000 क्विंटल करने की मांग की गई, ताकि भीषण गर्मी में किसानों को लंबी कतारों से राहत मिल सके। साथ ही गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई से बढ़ाकर 30 मई करने की मांग भी उठाई गई।

स्लॉट बुकिंग और पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर भी प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट सत्यापन में गड़बड़ी के कारण कई किसानों का पंजीयन निरस्त हो रहा है, जबकि उनकी गिरदावरी और फसल सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके चलते किसानों को बार-बार ऑनलाइन केंद्रों और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कंप्यूटर आधारित सत्यापन को ही मान्य किया जाए।

चना खरीदी को लेकर भी किसानों ने परेशानी जताई। पूरी तहसील में मात्र एक ही खरीदी केंद्र होने से किसानों को दूर-दराज तक जाना पड़ रहा है। कांग्रेस ने गोपालपुर, लाड़कुई, सेमलपानी, इटावा-इटारसी और पिपलानी सहित विभिन्न स्थानों पर नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग की।

इसके अलावा सोसायटियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, ऋण वसूली की तिथि 30 मई तक बढ़ाने, पराली जलाने के मामलों में दर्ज प्रकरण वापस लेने और मूंग खरीदी की तिथि घोषित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीना, सुनील गोल्या, सुभाष पटेल, संजय हवेली, राजकुमार पटेल, द्वारका जाट, संतोष शर्मा, राजेश पटेल, मुकेश पंवार, दुर्गेश पंवार, अंकित पंवार, रामनिवास जाट, विकास शर्मा, राजाराम, संतोष कक्का, अशोक भाटी, सरवर खान, संजय शर्मा, नारायण पंवार, संतराम पंवार, सूरत मकवाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों और कांग्रेस प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक भेजा जाएगा और जल्द ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि वर्तमान में किसी भी किसान का सत्यापन लंबित नहीं है, तकनीकी कारणों से स्लॉट बुकिंग में दिक्कत आ रही है, जिसे शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा।

# कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से भी होना चाहिए मजबूतः कार्तिकेय

### गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गुरुवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं के लिए सोया चौपाल रफीगंज चौराहा स्थित होटल रेडीऐंट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए अतिथियों का मंडल अध्यक्ष नीरज परमार और रामस्वरूप मेवाड़ा ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ उपरांत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह ने बेचारिक अधिष्ठान वेचारिक आधार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने भाजपा का इतिहास, जितेंद्र गोंड ने बुथ प्रबंधन एवं मन की बात, दो गगन नामदेव ने सोशल मीडिया नमो एप, मारुति ससुर ने कार्य पद्धति और बाबूलाल पटेल ने कार्य बिस्तर विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री पंकज गुप्ता, नगर पालिका सीहोर अध्यक्ष प्रिंस राठौर, धारा सिंह पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, युवा भाजपा नेता विष्णु वर्मा, महेश परमार, संदीप वर्मा, बिन्नी अरोरा, गजराज परमार, वरदान मेवाड़ा, नितेश पटेल, ठाकुर प्रसाद मेवाड़ा, शंकर पटेल, बलराज परमार, विवेक राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी का लगाया आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुधनी।** विकासखंड में पदस्थ आशा कार्यकर्ताओं ने वार्षिक प्रोत्साहन राशि में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीएम एवं अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि शासन द्वारा प्रति वर्ष दी जाने वाली 10,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि इस बार उनके खातों में जमा नहीं की गई, जबकि उनसे पहले ही बिल जमा करवा लिए गए थे।

ज्ञापन में बताया गया कि करीब 140 आशा कार्यकर्ताओं से तीन माह पूर्व स्टेशनरी व अन्य खर्चों के बिल लिए गए थे और जल्द भुगतान का आश्वासन दिया गया था अब अधिकारियों द्वारा यह कहा जा रहा है कि सामाग्री उच्च स्तर से खरीदी गई है, इसलिए राशि नहीं दी जाएगी। कार्यकर्ताओं ने अन्य विकासखंडों, विशेषकर आष्टा में राशि वितरण होने का हवाला देते हुए भेदभाव की आशंका जताई है उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी मेहनत की राशि रोकी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा लंबित राशि शीघ्र जारी करने की मांग की है ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य विभाग और जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है पहले आशा कार्यकर्ता बीएमओ डॉक्टर डी बडोदिया से मिलीं परन्तु उन्होंने सीएमएचओ से मिलने की बात कही। एसडीएम डीएस तोमर ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन दिया है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

# मारवाड़ी महिला संगठन के चुनाव हुए मंजू अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत की गईं



**सीहोर।** मारवाड़ी महिला संगठन महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और राहत कार्यों के माध्यम से समाजसेवा में सक्रिय है। यह संगठन रक्तदान, अंगदान, बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण और निर्धन छात्राओं को छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं प्रदान करता है। साल भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए मारवाड़ी महिला संगठन की सभी सदस्यों द्वारा चयन प्रक्रिया सर्वसम्मति गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मंजू अग्रवाल बयाबरावाले, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी, सचिव विनीता सोनी, उपाध्यक्ष आभा कसाट सह सचिव, मौना चौरासिया मनोनीत की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि संगठन के द्वारा आगामी दिनों में महिला सशक्तिकरण आदि के विषय में शीघ्र ही रूपरेखा बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशिक चुनाव में रजनी बाहेती को संस्कार समिति प्रकल्प प्रमुख चुना गया, प्रमुख प्रकल्प रुठिया, ममता पितलिया, इंदु भावसार, निर्मला व्यास, गीता सोडाणी प्रतिभा झवर, संगीता राठी, राधा शर्मा, सरोज सोनी, किरण सोनी, मंजू भारतीय, ज्योति अग्रवाल, ज्योति रूठिया, मोना चौरसिया संध्या विजयवर्गीय, शशि विजयवर्गीय, राजू पालीवाल ज्योति सोनी सभी सदस्यों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई और सभी के द्वारा शुभकामनाएं दीं गई।

### प्रतिभाओं का डंकाः एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो खिलाड़ियों का भोपाल डिवीजन टीम में चयन



**सीहोर।** खेल जगत में सीहोर की पहचान को मजबूत करते हुए स्थानीय एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी की निशिता विश्वकर्मा और अरब मसीह का चयन प्रतिष्ठित भोपाल डिवीजन टीम में हुआ है। यह सफलता एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, क्योंकि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मंच पर अपनी जगह बनाई है। उनकी सफलता पर कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने बधाई दी है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अरब मसीह और निशिता विश्वकर्मा सालों से बीएसआई पर एकलव्य अकादमी में खेलते हुए आ रहे है। चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में विभिन्न शहरों में आयोजित टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन का प्रतिनिधित्व करेंगेः निशिता विश्वकर्मा (सीनियर बालिका वर्ग): निशिता के मैच 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित होंगे। वे चंबल, जबलपुर, शहडोल और सागर डिवीजन जैसी मजबूत टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा अरब मसीह (अंडर-18 बालक वर्ग) अरब मसीह 19 से 22 अप्रैल तक जबलपुर में रेस्ट ऑफ एमपी के विरुद्ध होने वाले महत्वपूर्ण मैचों में अपनी बल्लेबाजी और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# बाबा साहब के चल समारोह में जनसैलाब से सामाजिक एकता की दिखी अनुपम झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में रेहटी की सड़कों पर वैचारिकी का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर में आयोजित भव्य चल समारोह ने न केवल जन-भागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित किए, बल्कि समाज की सामूहिक कृतज्ञता और संवैधानिक गौरव की एक नई मिसाल भी पेश की।

इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष मुकेश आजाद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार ही हमारे समाज की असली धरोहर हैं। कार्यक्रम की सफलता में जिला सचिव राम चौहान और जिला उपाध्यक्ष अरुण बरडे की रणनीतिक भूमिका रही, जिन्होंने पूरे चल समारोह को एक अनुशासित और प्रेरक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी गौरवशाली परंपराओं के साथ सहभागिता की, जो सामाजिक समरसता की दिशा में एक सशक्त कदम रहा। समारोह का शुभारंभ तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र जानपुरे और जिला महासचिव सुशील बरखने की गरिमामय उपस्थिति में बाबा साहेब के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं और सामाजिक बंधुओं ने बाबा साहेब के मूलमंत्र ₹पढ़ो, लिखो, संगठित रहो और संघर्ष करो₹ का सामूहिक संकल्प लिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की अलख जगाने की प्रतिज्ञा की। इस दौरान कोषाध्यक्ष गंगाप्रसाद घनवारे ने संपूर्ण यात्रा के दौरान सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित किया। जब यह चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकला, तो हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समापन अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया, जहाँ सभी ने संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। इस ऐतिहासिक क्षण में रेहटी के समस्त ऊर्जावान कार्यकर्ता गण, आदिवासी युवा और प्रबुद्ध नागरिक पूर्ण समर्पण के साथ उपस्थित रहे।

# भव्यता से मनाई सेन महाराज की जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी नगर में श्री सेन जी 'महाराज जयंती बडे ही हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में आकर्षक शोभायात्रा ( चल समारोह) निकाली गई. जो नगर के विभिन्न माग्रोंसेहोते हुए बागबान गार्डन पहंची ।

शोभायात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फल वर्षा कर स्वागत किया। नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं परुष उपस्थित रहे, जिन्होंने 'पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई । बागबान 'गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक बंधओ ने बढ़-चढकर भाग लिया और श्री सेन जी महाराज के जयकारों ' से वातावरण गंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां समाजजनों ने आपसी स्नेह एवं एकता का संदेश दिया । अंत में स्नेहभोज का आयोजन किया गया. जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार यह संपर्ण आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं भाईचारे के वातावरण में सफलतापवक संपन्न हआ।

कार्यक्रम में समाज ' के कश शिल्पी यनियन रेहटी 726वी जंयती अध्यक्ष अतुल सेन, उपाध्यक्ष अशोक सेन ( कोसम वाले) मुकेश सेन( वकील साहब ) आशीष सेन, विजय सेन, लक्ष्मीनारायण सेन,राकेश सेन, कर्मेंद्र सेन मकेश सेन. धीरज सेन, पर्व अध्यक्ष अशोक सेन 'रामेश्वर सेन, रामविलास जी सुन्दरलाल , संजय सेन , दयाराम .भीम सिंह. केवल राम 'मोहन लाल शिवनारायण, अनिल लखनलाल, रेवाशकर, देवी दयाल के सहित गणमान्य नागरिकों मौजूद सहैं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिये निर्देश दिए।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी सीहोर जिला सीहोर, म.प्र.**

प्र.क. /31-78/25-26 दिनांक 10/4/2026

**सूचना पत्र**

प्रति,
1- श्री दीपक गौर आ. श्री बाला प्रसाद, निवासी श्यामपुर रोड गल्ला मंडी सीहोर तहसील व जिला सीहोर
2- श्री राजेश गौर आ. श्री देवीलाल गौर
3- श्रीमती सविता (सुविता) पत्नि श्री मुकेश पाटीदार
दोनों निवासी इन्द्र कॉलोनी श्यामपुर रोड सीहोर तहसील व जिला सीहोर

विषयः- वित्तीय अस्तियों के प्रभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अंतर्गत बंधक रखी परिसंपत्ति पर अधिपत्य दिलाने हेतु।

प्राधिकृत अधिकारी, म.प्र. ग्रामीण बैंक, द्वारा मुख्त्यार ग्रहिता श्री मनोज कुमार सोमानी क्षेत्रीय प्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण बैंक, सीहोर म.प्र. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत से किया है। जिसमें उन्होंने अनुबंध की शर्तों के अनुरूप ऋण की राशि वापसी नहीं करने पर बंधक रखी गई संपत्ति का आधिपत्य दिलाने का अनुरोध किया गया है। विषयांतर्गत प्रकरण में दिनांक 27/04/2026 को इस न्यायालय में पेशी नियत है।

अतः आप उक्त दिनांक को इस न्यायालय में अपरान्ह 03.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**जिला दण्डाधिकारी सीहोर**

### विश्वनाथपुरी में 18 अप्रैल का भव्य भंडारे का आयोजन

# भक्त परम पद पा लेता है तो वह संसार के माया मोह बंधनों से मुक्त हो जाताःउद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी परिसर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्ववदास महाराज ने भगवान श्रीराम और केवट का सुंदर प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। केवट के यह कहने पर कि प्रभु तुम्हारी और हमारी जाति एक ही है बस अंतर इतना है कि मैं लोगों को गंगा पार करवाता हूं और आप जीवात्माओं को भावसागर पार कराते हो।

मैं गंगा सागर का केवट हूं और आप संसार सागर के केवट हो। निःसंदेह वनवासी केवट ने प्रभु राम की स्वर्ण मुद्रांक लौटकर यह संदेश दिया कि जब भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहाकि भगवान के काम के लिए हमें यदि संसार की निंदा और तिरस्कार भी सहन करना पडे तो हमें खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए, बहुत कम लोग परहित के लिए अपने माथे पर दोष लेते हैं। रामायण में जिस कैकेयी को सबकी बुराई और अपमान सहन करना पडा, उस कैकेयी ने प्रभु की इच्छा से ही वनवास भेजने का कलंक अपने माथे पर लिया। भगवान केवल रावण को मारने के लिए वन नहीं गए बल्कि केवट, निषाद, शबरी, जटायु, सुतीक्ष्ण जैसे भक्तों के लिए वन गए जो सहस्त्र वर्षो से मन में प्रगाढ विश्वास लिए भगवान के दर्शन की राह देख रहे थे। भगवान के इस काम में कैकेयी ने उनकी सहायता की, यदि कैकेयी नहीं होती तो संसार और भक्तों का कल्याण नहीं हो पाता इसलिए कैकेयी निंदनीय नहीं बल्कि वंदनीय है। आजकल बुराई का जमाना है, लोगों को परनिंदा करने में बहुत सुख मिलता है। निन्दा करने से सामने वाले के पाप तो नष्ट हो जाते हैं किन्तु निन्दा करने वाले के खाते में जुड़ जाते है। इसलिए सबसे अच्छाई ही देखे, बुराई का दर्शन न करें।

### कक्षा 12वीं का 70.96 प्रतिशत तो कक्षा 10वीं का 71.83 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम


# बोर्ड रिजल्ट: जिले के 16 होनहारों ने स्टेट लेवल मेरिट सूची में पाया स्थान

**गत वर्ष की तुलना में बेहतर रहा परिणाम, मेरिट लिस्ट में आए विद्यार्थियों को आज कलेक्टर करेंगे सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवीं की प्रादेशिक मेरिट सूची में जहां 9 विद्यार्थियों ने तो कक्षा बारहवीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में जिले के 7 बच्चों ने स्थान पाया है। इस वर्ष कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा जो कि गत वर्ष आए 69.43 प्रतिशत परिणाम से बेहतर है। इसी तरह इस वर्ष कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 71.83 फीसदी रहा है जो गत वर्ष के 76.97 से कुछ कम रहा है। प्रतिवर्ष की भांति दोनों ही कक्षाओं में छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से बेहतर रहा है। स्टेट एवं जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को सम्मानित किया जाएगा।





अर्जुन गुर्जर



खुशबू पाटीदार

### हायर सेंकडरी का यह रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 12वीं में इस साल जिले से 5893 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 4181 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 1711 विद्यार्थियों को निराशा का सामना करना पड़ा। कक्षा 12वीं में जिले के 2917 विद्यार्थी प्रथम, 1263 विद्यार्थी द्धितीय एवं 1 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुआ। कक्षा 12वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा है।

### हाईस्कूल का इतना रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 10वीं में इस साल जिले से 17940 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 12887 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 5053 विद्यार्थियों परीक्षा में फेल हो गए।

### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

कक्षा दसवीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में आए बच्चों में भावेश पिता कमल मेवाड़े अर्चना कान्वेंट बोर्ड, मयंक पिता अशोक यादव मानस स्कूल ब्यावरा, महिला पुत्री विष्णु यादव मॉडल स्कूल, नरसिंहगढ़, कृतिका पुत्री कमल किशोर उमावि धामंदा, प्रवीण पिता संतोष मेवाड़े उमावि तलेन, जानकी पुत्री छतर राजपूत सांदीपनी स्कूल मऊ, रूद्राकक्षी पुत्री सतीश गुप्ता रॉयल हाईट्स जीरापुर, साक्षी पुत्री श्रीनाथ दांगी ब्यावरा पब्लिक स्कूल ब्यावरा, रियांशी पुत्री सुरेंद्र वर्मा विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा, करिशमा पुत्री महेश मेवाड़ा उमावि तलेन एवं अभिश्रोक पिता लालजीराम मेहर हाईस्कूल चाठा शामिल हैं।

इसी तरह कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों की जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह में ज्योति पुत्री पप्पू सौंधिया मानस उमावि ब्यावरा यशोढा पुत्री अशोक यादव मानस उमावि ब्यावरा, विज्ञान समूह में दिशा पुत्री राधेश्याम कारपेंटर उमावि पटाड़ियाधाकड़, महिरा पिता इहीर पठान मास्टर माइड स्कूल तलेन, शिवम पिता रामबाबू गिरी महर्षि पब्लिक जीरापुर, वाणिज्य संकाय में अमिशा पुत्री विनोद पाटीदार रॉयल हाईट्स जीरापुर, राजवीर पिता गुलाब सिंह उमठ रॉयल हाईट्स जीरापुर, कृषि संकाय में सुनील पिता नंदकिशोर मालवीय मास्टर माइंड स्कूल तलेन शामिल हैं।

### कक्षा 10वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्र. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुज पिता केशर पुष्पद | शास्त्री स्कूल, सारंगपुर | 496/500 | चौथा |
| 2. | प्रतिज्ञा पुत्री श्रीराम प्रसाद नागर | शा. कन्या, पाडलियामाता | 492/500 | आठवां |
| 3. | कृष्णपाल पिता छगनलाल दांगी | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 492/500 | आठवां |
| 4. | कनिका पिता राजेंद्र गुप्ता | शा.उमावि, गागाहोनी | 492/500 | आठवां |
| 5. | रितु यादव पुत्री जगदीश यादव | शा. कन्या हा. गिंदोरहाट | 491/500 | नवां |
| 6. | विशाखा पुत्री प्रहलाद पाटीदार | शा. कन्या हाई. पाडलियामाता | 491/500 | नवां |
| 7. | दिधिमा पुत्री सतीश गुप्ता | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 490/500 | दसवां |
| 8. | पलक पुत्री दीनदयाल उमठ | सरस्वति स्कूल, तलेन | 490/500 | दसवां |
| 9. | बंशिका पुत्री महेंद्र यादव | इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा | 490/500 | दसवां |

### कक्षा 12वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्र. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | **गणित संकाय** | | | |
| 1. | अर्जुन पिता विजय गुर्जर | मानस स्कूल, ब्यावरा | 491/500 | दूसरा |
| 2. | आशिका पुत्री भगवान साहू, | मदर टेरेसा स्कूल, ब्यावरा | 489/500 | चौथा |
| 3. | श्रैष्ठ पिता श्यामसुंदर शर्मा | एसके कान्वेंट, जीरापुर | 484/500 | नवां |
| | **कामर्स संकाय** | | | |
| 1. | आर्ची पुत्री विशाल माहेश्वरी | होली एंजिल्स, कुरावर | 489/500 | दूसरा |
| 2. | खुशबू पुत्री संजय पाटीदार | रॉयल हाईट, जीरापुर | 489/500 | दूसरा |
| 3. | शिवानी पुत्री जगदीश राजपूत | शा.उमावि धामंदा | 482/500 | नवां |
| | **जीवविज्ञान संकाय** | | | |
| 1. | वर्षा पुत्री प्रकाशचंद्र बढ़ई | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 484/500 | आठवां |

# ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ा ट्रॉला तीन की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मंगलवार रात माचलपुर नगर के लिए अमंगल साबित हुई। अलग अलग दुर्घटना में नगर के चार लोगों की मौत हो गई। एक भीषण दुर्घटना पिपल्या कुल्मी के पास खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप एक एलएनटी मशीन से लदे कंटेनर से ट्रैक्टर ट्रॉली की सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के फरखचे उड़ गए और ट्राली खाई में गिर गई। ट्रॉली में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए। सांवलपुरा से शादी की रस्म निभाने के लिए देवीगढ़ के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे सोचा नहीं था खुशी गम में तब्दील हो जावेगी। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई और घटना स्थल पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरु किया वा घायलों को माचलपुर स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

उपचार के दौरान एक महिला कब्बूबाई गुर्जर की मौत हो गई घायलों को जिला अस्पताल राजगढ़ वा झालावाड़ बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान बालचंद दांगी शिक्षक व बालिका सलोनी की मौत हो गई। इस तरह तीन जिंदगी इस हादसे में चली गई जब दुघटना में घायल लोगों का



उपचार चल रहा तब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भारी संख्या में नगर के लोग जमा हो गए थे। मौजूद लोगो में शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश देखा गया काफी नारेबाजी हुई। महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों को भी भला बुरा कहा। सूचना मिलते ही माचलपुर तहसीलदार जीरापुर तहसीलदार एसडीएम अंकिता जैन एसडीओपी धर्मवीर सिंह एडिशनल एसपी के एल बंजारे सहित अनेक थानों का पुलिस बल मौजूद था। वही दूसरी दुघटना में नगर के एक 28 वर्षीय युवा व्यापारी शुभम गुप्ता की रामगंज मंडी धनिया बेचकर मारुति वैन के पलटने से हो गई। इस तरह मंगलवार का दिन नगर के लिए मनुसियत भरा रहा बुधवार चार अर्थियों उठी नगर का माहौल गमगीन भरा रहा।

# कुरावर की छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने कॉमर्स में प्रदेश में दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर की होनहार छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। आर्ची, होली एंजिल उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरावर की छात्रा है। उन्होंने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।



आर्ची के इस शानदार प्रदर्शन से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता विशाल माहेश्वरी कुरावर में हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि माता अंजली माहेश्वरी गृहिणी हैं। आर्ची ने सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया। आर्ची ने मैंने प्रतिदिन लगभग चार घंटे पढ़ाई की और पूरी मेहनत व लगन से तैयारी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने कोचिंग का भी सहारा लिया, जिससे उन्हें विषयों को और बेहतर समझने में मदद मिली। आर्ची की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### इस वर्ष 200 रुपए प्रतिघंटा किया किराया

# स्वीमिंग पूल का किराया कम करने शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सभी तबके के बच्चे तैरना का हुनर सीख सकें इस उद्धेश्य से प्रशासन द्वारा स्थानीय सर्किट हाऊस के समीप करीब 12 वर्ष पहले शासकीय स्वीमिंग पूल निर्मित करवाया गया था। खेल एवं युवा कल्याण के स्वामित्व वाले इस स्वीमिंग पूल के निर्माण के शुरूआती दिनों में यहां निःशुल्क तैराकी सिखाई जाती थी। बाद में पूल के मेंटेनेंस का हवाला देते हुए धीरे-धीरे राशि बढ़ाई जानी लगी।

इस वर्ष गर्मी के मौसम में प्रति व्यक्ति पूल का किराया 200 रुपए प्रतिघंटे निर्धारित कर दिया गया है। इतने अधिक किराए को सभी एफोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शहर कांग्रेस ने प्रशासनिक अधिकारियों के नाम गुरुवार दोपहर एक ज्ञापन सौंपते हुए स्वीमिंग पूल का शुल्क कम किए जाने की मांग रखी। शहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि 200 रुपए प्रतिघंटे का शुल्क काफी अधिक है जिसे सभी वहन नहीं कर सकते हैं। ऐसे में हमने पूल का किराया कम करने की मांग प्रशासन से रखी है।

### आगजनी की जांच की भी मांग

शहर कांग्रेस द्वारा एक अन्य ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपते हुए पिछले दिनों बड़ा महल पुरानी कोतवाली के पास राजस्व के रिकार्ड रूम में लगी आग की भी जांच करवाने की मांग रखी गई है।

### बाल विवाह रोकने प्रशासन ने उठाया कदम

# एसडीएम की बगैर अनुमति नहीं हो सकेंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया व आगामी दिनों में विवाह के कई मुहुर्त हैं। जिले में विभिन्न समाजों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं जिनमें बाल विवाह होने की संभावना रहती है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को उनके अनुविभाग क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलनों में विशेष निगरानी रखने के के लिए निर्देशित किया गया हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे द्वारा बताया गया कि जिले में कोई भी विवाह सम्मेलन बिना अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी की पूर्व अनुमति के सम्पन्न नहीं होंगे। विवाह आयोजन समिति को वैवाहिक जोड़ो की सूची तथा उनके आयु संबंधी दस्तावेज एसडीएम कार्यालय में जमा करने होंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के तथा 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह आयोजित नहीं होगा तथा बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बाल विवाह रोकने मैदानी स्तर पर दलों का गठन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समस्त विकासखंड में विशेष रणनीति के तहत कार्य करते हुये बाल विवाह रोकने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए सघन अभियान चलाकर इस अभियान में समस्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर मैदानी अमले को बालक-बालिकाओं के परिवारों पर विशेष निगरानी करने व बाल विवाह न होने की जिम्मेदारी तय की गई है। क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना किसी से भी प्राप्त होने पर त्वरित कानूनी कार्यवाही करने एवं अपने अनुविभागीय क्षेत्र में बाल विवाह रोकने ध जागरूकता लाने के लिए विकासखंड स्तरीय बाल विवाह निषेध दल का गठन किए गए हैं।

# राजगढ़ बस स्टैंड पर शीतल जल से गला तर कर सकेंगे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों सहित अन्य नागरिकों की सुविधा के लिए आरओ के शीतल जल की व्यवस्था की गई है। गर्मियों में मुसाफिर ठंडे जल से गला तर कर सकेंगे। दरअसल, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के तहत नगर पालिका के सहयोग से बस स्टैंड में 300 लीटर क्षमता की आरओ जल शुद्धिकरण



प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे यात्री वह राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। यह पहल स्वच्छता और जलजनित रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बुधवार दोपहर उक्त प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कंपनी द्वारा पाटनकला ग्राम में भी इसी तरह की प्याऊ स्थापित करवाई गई है। उल्लेखनीय है की नगर पालिका ने भी मुख्यालय के कुछ सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ निर्मित करवा रखी है।

# जल निगम का नलों में टोटी लगाओ अभियान, ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जल निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में नलों में टोटी लगाओ अभियान चलाकर ग्रामीणों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया गया। जल निगम एवं एलएनटी कंपनी के अधिकारियों ने गांव-गांव पहुंचकर जल उपभोक्ताओं से अपील की कि पानी भरने के बाद नलों की टोटी अवश्य बंद करें, ताकि पानी व्यर्थ न बहे।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए पानी बचाओ संदेश दिया गया। कुडालिया डेम अंतर्गत एलएनटी परिसर स्थित डब्ल्यूटीपी में वृक्षारोपण भी किया गया। साथ ही कुडालिया पेयजल परियोजना के अंतर्गत ब्राह्मण गांव, झारनीया, झर्नी, ऊंचावदा, बागपुरा चिलावदी, लखोनी, सहित अन्य गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मोहल्ले और गांव में नलों में टोटी अवश्य लगाएं। इस अभियान में जल निगम के जीएम उमाकांत चौधरी, मैनेजर सचिन दांगी, एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, अकाउंटेंट सफुद्दीन अहमद, मैनेजर दिलीप सिंह, कुलदीप कुमार, गोपीका रमन, ओएंडएम इंचार्ज मिथलेश मिश्रा, गणेशलूल्लू, गौतम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन 15 अप्रैल को शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को उचित दरों पर पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। जहां पर पुस्तक मेला का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने किया। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की महँगी किताबों और ड्रेस के बोझ को कम करना, ताकि अभिभावकों को एक ही स्थान पर उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिल सके।यह



पहल शिक्षा को सुलभ बनाने और नए सत्र के लिए शैक्षणिक सामग्री की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा की गई है। शुभारंभ में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने पहुंचकर मेले में लगी तीन स्टाल पर से खरीदी भी की है।

इस मौके पर तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, पुर्व बीईओ हरीश गुप्ता, प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा, स्काउट शिक्षक गोवर्धन वर्मा, योग समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार, भेरूलाल गुर्जर, योगेश भावसार शिक्षक राकेश कुमार भावसार, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, डॉ. रामचरण किरार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेले को लेकर उठने लगे सवाल

# पुस्तक मेले में औपचारिकता, 18 में से सिर्फ 6 दुकानों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विकास खंड स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। पुस्तक मेले को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन द्वारा इस मेले का उद्देश्य पालकों को राहत देना और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने दामों पर बेची जा रही पुस्तकों पर नियंत्रण करना बताया गया था, लेकिन जमीनी स्थिति इससे उलट नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर में करीब 18 पुस्तक दुकानों का संचालन होता है, लेकिन इस मेले में केवल 6 दुकानदारों ने ही भागीदारी की। अधिकांश दुकानदारों की अनुपस्थिति से मेले की उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मेले में सीमित दुकानों के कारण पालकों को अपेक्षित विकल्प नहीं मिल पा



रहे हैं, जिससे वे असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। पालकों का आरोप है कि नगर के बड़े निजी स्कूलों की किताबें आज भी उन्हीं चयनित दुकानों पर उपलब्ध हैं, जिन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा तय किया गया है। इन दुकानों पर पुस्तकों के दाम भी मनमाने तरीके से वसूले जा रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई पालकों ने बताया कि मेले में सभी आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें फिर से उन्हीं निर्धारित दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि पालकों को एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं और निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन सीमित भागीदारी के चलते यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या शासन की मंशा के अनुरूप इस पुस्तक मेले से पालकों को वास्तविक राहत मिल पाएगी, या फिर यह आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा और अभिभावकों को पहले की तरह महंगी पुस्तकों का बोझ उठाना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

शासन के निर्देश पर तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। कल से और भी दुकानें लगेंगी।

**बीएल वर्मा, बीआरसी सारंगपुर**

### डायल 112 की तत्परता से नाबालिग बालिका को परिजनों तक पहुंचाया गया

गुना। धरनावदा थाना क्षेत्र में डायल 112 की टीम ने परवाह-बांसखेड़ी मार्ग पर अकेली घूम रही एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया।जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि लगभग 15 वर्षीय बालिका सुनसान रास्ते पर अकेली और घबराई हुई अवस्था में घूम रही है तथा अपने परिजनों के बारे में जानकारी नहीं दे पा रही थी।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बालिका को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

### बाबा साहब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

ब्यावरा। ग्राम बरखेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अहिरवार समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

## पीएम श्री स्कूल के बच्चों ने परीक्षा में मारी बाजी



**खाचरोद।** घोषित एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के परिणामो मैं पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जात्रा के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपना, विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। 12वीं मैं शैलेंद्र महेश्वरी 91 प्रतिशत, रोशनी ठाकुर 89 प्रतिशत के साथ टॉप किया। साथ ही लैपटॉप और स्कूटी हासिल की। जबकि दसवीं में हिमांशु बड़वान 95 प्रतिशत सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। वही विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने 30 लैपटॉप प्राप्त किया। कई जिलों में विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई। एमपी बोर्ड 10वीं 12वीं परिणाम 2026 विद्यालय का 12वीं में 95 प्रतिशत और दसवीं में 96 प्रतिशत परिणाम रहा। सफल हुए छात्र-छात्राओं में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जात्रा का प्रदर्शन बेहतर रहा। छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन के लिए संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर सहित सभी स्टाफ जनों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रिद्धिमा, निवेदिता ने किया नाम रोशन

**भौरासा।** माशिमं द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं में निजी स्कूल की छात्रा रिद्धिमा पिता शांतिलाल कुमावत ने 80% प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं में निजी स्कूल की छात्रा निवेदिता पिता शांतिलाल कुमावत ने कक्षा 10 वीं में 86% प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल, शिक्षक व परिवार का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी। इस अवसर पर दशरथ धाकड़, दिनेश यादव, ब्रजमोहन राठौर ,भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, निक्की नामदेव, चेतन यादव, राजेंद्र यादव, संतोष जायसवाल, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, प्रमोद पालीवाल आदि ने इन्हें बधाई दी।

## सांदीपनि की छात्रा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवास।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालय देवास की छात्रा गरिमा राजपूत ने जिले की प्रवीण सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम फहराया।

### गर्मी में बिजली कटने से परेशान ग्रामीण, पीने के पानी के लिए भी तरसे

# 24 घंटे बिजली देने का वादा, 10 घंटे की हो रही अघोषित कटौती, गर्मी में हाल-बेहाल

अघोषित बिजली कटोती से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय में किया हंगामा। बिजली कटोती से बुजुर्ग और छोटे बच्चों की हालत हो रही खराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



भीषण गर्मी के दौरान बिजली विभाग अपनी मन मर्जी से बिजली कटौती कर रहा है। जिससे ग्रामीण पीने के पानी से भी वंचित हो रहे। ग्राम सिद्धिगंज में बिजली विभाग घंटों बिजली कटौती कर रहा है। गर्मी के चलते ग्रामीणों का हाल बे हाल है। गर्मी के मौसम मे तापमान 40 डिग्री पर है, ग्राम में बच्चे और बुजुर्गों की हालत गंभीर है। देखा जाए तो बिजली विभाग प्रतिदिन मेंटेनेंस के चलते बना किसी पूर्व सूचान के घंटो बिजली गोल रखते हैं। क्षेत्र के जिम्मेदार भी इस कोई ध्यान नहीं दे रहे।

### ग्रामीणों ने किया हंगामा

ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान होने के कारण बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। ग्राम के बस स्टैंड, गांव और आसपास के क्षेत्र में मवेशियों को पिलाने के लिए पानी भी नहीं है। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि हमारे खेतों में मवेशियों को पिलाने का पानी भी नहीं है पानी पिलाने के लिए भविष्य को इधर-उधर ले जाना पड़ रहा है। ग्राम के महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धि गंज नंदकिशोर बागवान उप सरपंच,चेतन राठौर, निखिलेश मूंदड़ा,नरेंद्र राठौर, विपिन मूंदड़ा,महेंद्र राठौर, आशीष तापड़िया, राहुल झावर, अतुल तापड़िया, राजेंद्र वर्मा, राहुल बजाज, संजय मलिक, बबलू धरवा, राजाराम, देवकरण वर्मा, अशोक राठौर, आदि ग्रामीणों द्वारा बताया कि ग्राम सिद्धि गंज बिजली विभाग के कारण हम सभी ग्रामीण काफी परेशान है। बिजली विभाग अपनी मनमानी के चलते कटौती करता है वही बताया गया कि ग्राम में बिजली नहीं होने के कारण पीने के पानी की किल्लत हो रही है। ग्राम के बस स्टैंड पर क्षेत्र के ग्रामीणों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है।

### 24 घंटे बिजली देने का वादा

सिद्धिगंज क्षेत्र के अंतर्गत करीब 50 से 60 गांव आते हैं। सभी गांव के लोगों को बिजली कटौती से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकार 24 घंटे बिजली देने का वादा कर रही है पर ग्रामीणों को 24 घंटे तो दूर कई जगहों पर तो बिजली तक नहीं मिल पा रही है। वही ग्राम सिद्धिगंज के अंतर्गत सुशील नगर में कई दिनों से 2 से 3 ट्रांसफार्मर जले हुए पड़े हैं। पर बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वही ग्रामीणों बिजली कटौती की पूर्व सूचना नहीं दी जाती है, ताकि ग्रामीण पानी की व्यवस्था हो सके बिजली कटोती को लेकर जब जिम्मेदारों से ग्रामीणों द्वारा बात की जाती है तो जिम्मेदार फोन पर बोलते है कि पानी के टैंकर डलवा लीजिए। जिससे ग्रामीणों ज्यादा आक्रोश नजर आया।

### ग्रामीणों ने विधायक को बताई पीड़ा

वही ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को फोन पर सूचना दी गई कि ग्रामीण बिजली विभाग की बिजली कटौती से काफी परेशान है वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा आश्वासन ही दिया गया है कि जल्दी ग्राम की बिजली जोड़ी जाएगी और उसमें सुधार किया जाएगा। वही मामले को लेकर बिजली विभाग के जेई मनीष अहीरवाल ने बताया कि मैं अभी वर्तमान में फील्ड में हूं, आकर व्यवस्था देखता हूं। मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है कार्य पूर्ण होने पर जल्दी बिजली दी जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि जब भी हम ग्राम के लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं तो हमें जेई उपस्थित नहीं मिलते हैं, हम ग्रामीण हमारी समस्या किसे बताएं।



# विश्व हिंदू परिषद ने बाबा साहेब की जयंती मनाई

**उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आष्टा प्रखंड में भी विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंग दल द्वारा नगर में श्रद्धांजलि सभा और स्वागत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विहिप कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें संविधान का मुख्य वास्तुकार बताया और उनके दिखाए गए सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी ने बाबा साहब की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रभारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर सहसंयोजक रौनक डुमाने रहे। वहीं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की टीम नगर संयोजक सचिन कुशवाहा, वीरेंद्र राठौर नगर उपाध्यक्ष, ऋतिक कुशवाहा, बाल उपासना प्रमुख अंकित कुशवाह व प्रखंड सेवा प्रमुख प्रतेश पंडित, अमन गोस्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष आदित्य जोशी द्वारा किया गया।आभार व्यक्त नगर मंत्री मनीष जाट द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर और प्रखंड के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्नेहा ठाकुर का सुयश



**जावर।** ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू के सरपंच धर्मेंद्र राजा ठाकुर की बालिका ने अपने पिता परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया कक्षा 10वीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो स्कूल स्टाफ एवं परिवार वालों ने मिलकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया और सभी वरिष्ठ जनों ने कहा कि आगे भी इसी तरह अच्छी पढ़ाई करना है और अच्छे अंक प्राप्त करना है।

# अतिक्रमण हटाकर 3.239 हेक्टेयर भूमि कराई मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सीहोर जिले की जावर तहसील में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग एवं नगर परिषद की संयुक्त टीम ने कस्बा जावर स्थित तालाब पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए लगभग 3.239 हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराया। तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा के नेतृत्व में यह कार्रवाई संपन्न हुई। मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी, पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक, पटवारी मनीष शर्मा एवं उप यंत्री प्रमोद साहू उपस्थित रहे।

टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से तालाब क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा जावर के सर्वे नंबर 461 एवं 821-823 में स्थित कुल 11.723 हेक्टेयर तालाब भूमि में से जावर के कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था। जिनमें अजाब सिंह, अजय सिंह, सोभाल सिंह, भारतसिंह, अभिजीत एवं बाबू खां शामिल हैं। इनके द्वारा कुल 3.239 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा किया गया था। प्रशासन ने संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर बेदखली की कार्रवाई करते हुए भूमि को मुक्त कराया।तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि जावर तहसील के किसी भी गांव में जल संरचनाओं पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में जल संरक्षण पर सकारात्मक संदेश गया है तथा स्थानीय लोगों में प्रशासन की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

# जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



तहसील में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। शासकीय महाविद्यालय जावर में 15 अप्रैल से प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ, जिसमें 79 प्रगणक,10 पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। तहसीलदार व चार्ज अधिकारी ओमप्रकाश चोरमा ने बताया कि प्रथम बैच का यह प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।इस प्रशिक्षण में सिद्धांत सिंह सिंगला अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के साथ मास्टर ट्रेनर हरिओम सोलंकी, राजेंद्र बरेठा, प्रभुलाल मालवीय एवं कमलेश जायसवाल द्वारा संचालित किया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं महेश महेश्वरी, कमलेश सोनी, हेमंत परिहार, प्रदीप गहलोत एवं धर्मेंद्र मालवीय द्वारा सुनिश्चित की जा रही हैं।प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक पूर्ण दक्षता के साथ जनगणना कार्य को संपन्न करें, जिससे आंकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो।

# जावर खंड में सामाजिक सद्भाव की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में जावर खंड में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख प्रमोद पँवार ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है। समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। जावर खंड के 11 मंडलो से समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों की सहभागिता बैठक में रही। श्री प्रमोद पँवार ने स्पष्ट किया कि समाज शब्द का अर्थ ही समान गंतव्य की ओर बढ़ने वाला समूह है। भारतीय समाज की कल्पना सदैव ऐसी रही है, जिसमें जीवन भौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सुखी हो। हमारे ऋषि-मुनियों ने यह समझा कि अस्तित्व एक है, केवल देखने की दृष्टि अलग-अलग है। उनकी तपस्या और साधना से ही राष्ट्र का निर्माण हुआ और वही हमारी सांस्कृतिक नींव है। उन्होंने कहा कि कानून समाज को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन समाज को चलाने और जोड़कर रखने का कार्य सद्भावना ही करती है। विविधता के बावजूद एकता ही हमारी पहचान है। बाहरी रूप से हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के स्तर पर हम सभी एक हैं। इसी विविधता में एकता को स्वीकार करने वाला समाज हिन्दू समाज है। हिन्दू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो मत, पूजा पद्धति या जीवनशैली के आधार पर झगड़ा नहीं करता। उन्होंने कहा कि समाज में भ्रम फैलाकर जनजातीय और अन्य वर्गों को यह कहकर तोड़ने का प्रयास किया गया कि वे अलग हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हजारों वर्षों से अखंड भारत में रहने वाले सभी लोगों का डीएनए एक है। संकट के समय ही नहीं, बल्कि हर समय सद्भावना बनाए रखना आवश्यक है। मिलना, संवाद करना और एक-दूसरे के कार्यों को जानना ही सद्भावना की पहली शर्त है। उन्होंने कहा कि समर्थ को दुर्बल की सहायता करनी चाहिए।

# सीएम से मिलीं नपाध्यक्ष, विकास कार्यों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान बागली नगर में चल रहे विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष सीमा यादव ने मुख्यमंत्री का बागली नगर के लिए स्वीकृत विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि की जानकारी लेते हुए पूछा कि 10 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई या नहीं। इस पर अध्यक्ष ने बताया कि राशि को स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने नगर में जारी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया किबागली में निरंतर विकास कार्य प्रगति पर हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कार्यों की सराहना की। कमल यादव ने बताया कि जनता ने उन्हें विकास के लिए चुना है और वे इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि नगर में लगभग 50 निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें थाना चौराहे से जेल के आगे नगर सीमा तक सड़क चौड़ीकरण, शिवाजी चौराहा, थाना चौराहा और बेहरी फाटा का सौंदर्यीकरण, कॉलेज ग्राउंड में खेल स्टेडियम निर्माण सहित विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन सभी कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर परिषद बागली के

# सैटेलाइट पद्धति से गेहूं खरीदी स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्या पर भड़का किसान संघ, ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



भारतीय किसान संघ द्वारा गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग में सैटेलाइट पद्धति से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर बुधवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। किसानों को हो रही परेशानियों के निराकरण की मांग को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में लागू सैटेलाइट आधारित स्लॉट बुकिंग प्रणाली के कारण किसानों को समय पर स्लॉट नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी फसल खरीदी प्रभावित हो रही है। तकनीकी खामियों और जटिल प्रक्रिया के चलते किसानों को बार-बार प्रयास करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की भी बर्बादी हो रही है। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार से भी विस्तृत चर्चा की और समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग रखी। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी, जिला कार्यालय मंत्री लखन सिंह राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला जैविक प्रमुख डॉ. सुनील जलाँद्रै एवं कन्नौद नगर अध्यक्ष आदर्श शुक्ला सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि

# गेहूं ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में दो ग्रामीण घायल, ट्रक चालक फरार, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**सीहोर।** जिले के झागरिया जोड़ पर बुधवार रात एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। दुर्घटना में दो ग्रामीण घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के अनुसार, यह घटना कल रात करीब 11:30 बजे हुई। ट्रैक्टर क्रमांक MP37Z9024 गेहूं की ट्रॉली लेकर ग्राम मोगराराम से मंडी जा रहा था। इसी दौरान ट्रक क्रमांक MP09HH3744 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर और ट्रॉली दोनों पलट गए। हादसे में ट्रैक्टर चालक अर्जुन पिता सजन सिंह (30) और धीरज पिता सुंदरलाल (25), दोनों निवासी ग्राम मोगराराम, घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली का बल और एफ.आर.व्ही. वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने यातायात को सुचारू किया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को घटनास्थल से हटाकर थाने में खड़ा करवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था।